# कॉलोनियों को 'जहां है, जैसा है' आधार पर नियमित करने का निर्णय लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आज दिल्लीवासियों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार ने दिल्लीवासियों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करने के लिए 2019 में पीएम-उदय योजना लागू की थी।

उन्होंने कहा कि कॉलोनियों को 'जहां है, जैसा ह' आधार पर नियमित करने के वर्तमान निर्णय से निवासियों को अपनी संपत्तियों के पंजीकरण के लिए आगे आने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा।उन्होंने कहा कि इससे न केवल कानूनी स्वामित्व प्राप्त होगा बल्कि नागरिकों को एमसीडी के मानदंडों के अनुसार अपने घरों का निर्माण या पुनर्निर्माण करने में भी मदद मिलेगी।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा कि ये परिवर्तनकारी कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सुनियोजित और समावेशी शहरी विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार शहर का निर्माण करते हुए विरासत संबंधी मुद्दों का समाधान करना है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने उन परिवारों की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को समझा है, जो अपने घरों में रहने के बावजूद कानूनी अधिकारों से वंचित हैं। इसी संवेदनशील और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने पीएम-उदय योजना का मार्ग प्रशस्त किया और आज 1731 अनधिकृत कॉलोनियों में से 1511 का नियमितीकरण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण आज दिल्ली के 45 लाख लोगों के जीवन में राहत, सम्मान और अधिकारों का एक नया अध्याय जोड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवे. दन प्रक्रिया 24 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए एक सुनियोजित समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत 7 दिनों के भीतर जीआईएस सर्वेक्षण, 15 दिनों के भीतर आवेदन में मौजूद कमियों का निवारण और 45 दिनों के भीतर हस्तांतरण विलेख जारी किया जाएगा।

## ईरान युद्ध के चलते कच्चे माल की कीमतों में उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध का असर अब कपड़ा और प्लास्टिक उद्योग पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैदा हुई अनिश्चितता और सप्लाई चेन में बाधाओं के कारण कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में इस बढ़ोतरी का असर कपड़ा और प्लास्टिक उद्योग पर पड़ रहा है। राजधानी के प्रमुख कपड़ा बाजार गांधी नगर, चांदनी चौक, टैंक रोड, लाजपत नगर, करोल बाग और सरोजिनी नगर मार्केट में कारोबार सुस्त दिखाई दे रहा है। व्यापारियों के अनुसार, धागे, सूती और सिंथेटिक फाइबर की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और आम ग्राहकों की जेब पर भी बोझ बढ़ा है।

# प्रवासी मजदूरों के लिए गैस सिलेंडर की संख्या दोगुनी की गईः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता बढ़ाते हुए प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए सिलेंडर की संख्या 180 से बढ़ाकर 360 रोज (19 किलो के बराबर) कर दी है।

यह फैसला कुल 6,480 सिलेंडर (19 किलो के बराबर) की नई दैनिक सीमा के तहत लिया गया है, जिसमें जरूरी सेवाओं को पहले प्राथमिकता दी जा रही है।ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोज की 6,480 सिलेंडर की सीमा का सख्ती से पालन करें। किसी एक श्रेणी में बचा हुआ सिलेंडर अन्य श्रेणियों में ट्रांसफर किया जाएगा और इसकी जानकारी विभाग को दी जाएगी। "हम निष्पक्ष वितरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। अफवाहों की कोई जगह नहीं है। पूरे दिल्ली में सघन जांच चल रही है और जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होगी," खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा।

खाद्य, आपूर्ति विभाग ने एलपीजी वितरण को और बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए ऑपरेशनल स्पष्टीकरण जारी किए हैं। अब ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अलग- अलग श्रेणियों में लचीला. पन रखते हुए सिलेंडर आवंटित कर सकेंगी। किसी तय प्रतिशत की बाध्यता के बिनाख्र्लेकिन पहले सभी श्रेणियों की वैध मांग पूरी करना जरूरी होगा। इसके बाद बचा हुआ स्टॉक अन्य श्रेणियों में दिया जाएगा और इसकी जानकारी विभाग को दी जाएगी।

प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर अधिकृत एजेंसियों के जरिए दिए जा रहे हैं, जिसमें मजबूत और पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू है। इसमें आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य है, ओएमसीद्वारा एक केंद्रीकृत लाभार्थी डाटाबेस रखा जा रहा है ताकि डुप्लिकेशन और दुरुपयोग रोका जा सके, और एक ही व्यक्ति को दोबारा सिलेंडर देने के बीच कम से कम 7 दिन का अंतर तय किया गया है।

# विधानसभा की सुरक्षा में रत्ती भर भी चूक स्वीकार्य नहींः विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। यह सतर्कता, स्पष्ट जिम्मेदारी और बेहतर समन्वय पर आधारित होनी चाहिए।

हाल ही में हुई घटना के बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने विधानसभा परिसर में हुई सुरक्षा चूक को गंभीर बताते हुए कहा कि कम समय में घटी इस घटना ने, जिसमें अध्यक्ष के वाहन सहित आधिकारिक आवाजाही प्रभावित हुई, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता को स्पष्ट किया है गुप्ता ने सभी प्रवेश द्वारों पर हाइड्रोलिक रोड ब्लॉकर्स लगाने, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और परिसर के भीतर अधिक प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नवीन कुमार चौधरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग; दिल्ली सरकार, अतिरिक्त सचिव, गृह; दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी जिनमें राजा बांठिया, पुलिस उपायुक्त (उत्तर), और ईशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर); अभिषेक गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा); निशांत गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (यातायात); नवीन वर्मा, संयुक्त निदेशक, खुफिया ब्यूरो (आईबी); गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी; लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री और अशोक गोयल तथा दिल्ली विधान सभा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



विधान सभा की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ताअपने कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## एक नजर

### अभिनव पहल की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेवा और आध्यात्मिकता के एक महत्वपूर्ण संगम में, रोटरी अंतरराष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत हजारों वंचित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह ऐतिहासिक परियोजना रोटरी सदस्यों और रोटरी नई दिल्ली के सहयोग तथा अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से संभव हो पाई है, जिसका उद्देश्य बच्चों के लिए पोषण जैसी मूलभूत आवश्यकता को पूरा कर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है।

### नोएडा इंटरनेशनल युनिवेर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल युनिवेर्सिटी में "डेटा-ड्रिवन इनसाइट्स फॉर नेशनल सिक्योरिटी: एक्सप्लोरिंग AI एंड स्टैटिस्टिकल फ्रंटियर्स इन इंडिया' सोशियो-कल्चरल लैंडस्केप (DINS-2026)" विषय पर दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 'देश-विदेश' के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं तथा उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डेटा एनालिटिक्स की भूमिका पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि 'गोलोक बिहारी राय', कुलाधिपति डॉ. विक्रम सिंह तथा माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने सम्मेलन के संयोजक डॉ. बी. राजनारायण प्रुस्टी ने अपने संबोधन में भारत की डेटा उपलब्धता, विशाल युवा जनसंख्या और डिजिटल कौशल को देश की प्रमुख ताकत बताते हुए कहा कि भारत AI नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने की क्षमता रखता है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संदेश




**नई दिल्ली।** नैशनल चाइल्ड एंड वूमेन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन-जागरूकता अभियान की शुरआत की। वत्स ने कहा कि इस साल 2026 की थीम है स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें, है। वत्स ने कहा कि मनुष्य मान. सिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से स्वस्थ रहे तभी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना सार्थक होगा।

स्वास्थ्य सबका मौलिक अधिकार भी है। इसलिए सबके लिए एक ही संदेश है कि हम संयमित जीवन शैली अपना कर ही अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। स्कूल कॉलेजों में इस बात का अधिकाधिक प्रचार किया जाना चाहिए कि विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए खेल गतिविधियों में बढ चढकर भाग लें। प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों में समय दें और सुबह शाम की सैर पैदल चलकर करें।

## जेपी मॉर्गन ने वेदांता को 'ओवरवेट' में अपग्रेड किया

**नई दिल्ली।** वैश्विक ब्रोक. रेज फर्म जेपी मॉर्गन ने संरचनात्मक रूप से सख्त होते एल्यूमिनियम बाजार और मध्यम अवधि में अनुकूल मूल्य परिदृश्य का हवाला देते हुए वेदांता लिमिटेड की रेटिंग को 'न्यूट्रल' से बढ़ाकर 'ओवरवेट' कर दिया है। ब्रोकरेज ने वेदांता के लिए अपना लक्ष्य मूल्य 680 से बढ़ाकर 850 कर दिया है, जो वर्तमान स्तरों से उल्लेखनीय बढ़त की संभावना दर्शाता है। फर्म के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी राजनीतिक तनाव के कारण अल तवीलाह और अल्बा सहित प्रमुख एल्यूमिनियम स्मेल्टरों में बाधाएं उत्पन्न हुई हैं। इन व्यवधानों को सामान्य होने में 9-12 महीने लग सकते हैं, विशेष रूप से यदि बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा हो, जिससे चीन के बाहर एल्यूमिनियम आपूर्ति में कमी आ सकती है।

## कपड़े टांगने वाली रस्सी को लेकर विवाद

**नई दिल्ली।** राजपार्क इलाके में बीती रात एक किशोरी को बुरी तरह से पीटा और उसके कपड़े भी फाड़ दिये। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोवार रात आठ बजकर 47 मिनट पर राजपार्क पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। सुल्तानपुरी की रहने वाली कॉलर ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी ने उसे पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए हैं। इसके बाद, कॉलर अपनी मां और बहन के साथ थाने पहुंची। जबकि दूसरी पार्टी, मो. इरशाद की पत्नी अपनी बेटी के साथ पुलिस स्टेशन पहुँची।

# भाजपा अध्यक्ष के पिताश्री का उपचार के दौरान निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के पिताश्री श्याम लाल सचदेवा जी का आज एम्स अस्पताल में पिछले कुछ समय से चल रहे उपचार के दौरान निधन हो गया।लगभग 94 वर्षीय श्याम लाल सचदेवा जी अपने पीछे एक भरे-पूरे परिवार में पत्नी कृष्णा सचदेवा, एक पुत्री दामाद एवं 5 पुत्रों का परिवार छोड़कर गये हैं जिनमें दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सबसे छोटे हैं।

सचदेवा परिवार 1947 के विभाजन के दौरान मुजफ्फरगढ़ पाकिस्तान से आ कर पुरानी दिल्ली के काली मस्जिद क्षेत्र में शंकर गली में बसा और यहीं अपना व्यवसाय भी जमाया। लगभग 20 वर्ष पूर्व बढ़ते परिवार के साथ श्री सचदेवा जी मयूर विहार फेज 1 में बसे।उनके निधन का समाचार पा कर अनेक भाजपा नेताओं के साथ



गणमान्य व्यक्तियों ने सचदेवा परिवार के निवास पर आ कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जिनमें प्रमुख थे केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, सांसद मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, विधायक सरदार अरविंदर सिंह लवली, कैलाश गहलोत, संजय गोयल, डा. अनिल गोयल, सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह, वरिष्ठ नेता वेदव्यास महाजन, अनेक प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष श्री दीपक गाबा एवं श्री विजेन्द्र धामा।

# भारत में अपनी पुस्तक मेड इन नेपाल लांच की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेपाल के पहले और एकमात्र अरबपति, बिनोद चौधरी, जो चौधरी ग्रुप के संस्थापक हैं, ने अपनी बहुप्रतीक्षित पुस्तक " मेड इन नेपाल" के भारतीय संस्करण का आधिकारिक लॉन्च किया। यह लॉन्च एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बड़ा बिजनेस कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध बिजनेस कोच डॉ. विवेक बिंद्रा और अभिनेता- उद्यमी विवेक ओबेरॉय भी मौजूद रहे, जिन्होंने उद्यमिता, दृढ़ता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर अपने विचार साझा



किए। इस अवसर पर बिनोद चौधरी ने कहा कि "भारत हमेशा से उद्यमिता और अवसरों की भूमि रहा है। यहाँ 'Made in Nepal' को लॉन्च करना मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इस पुस्तक में साझा की गई कहानियाँ, संघर्ष और सफलता भारतीय उद्यमियों से गहराई से जुड़ते हैं।

# अल फलाह के चेयरमैन जवाद अहमद के घर समेत 39 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अल फलाहचेरिटेबल ट्रस्ट और उसके मैनेजिंग ट्रस्टी जवाद अहमद सिद्दीकी से जुड़ी 39.45 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। ईडी के अनुसार अटैच की गई संपत्तियों में दिल्ली के जामिया नगर स्थित जवाद अहमद सिद्दीकी का घर, फरीदाबाद के धौज गांव में ।स-थ्र्सी न्दपअमतेपजल परिसर के पास कृषि भूमि, डिमैट की होल्डिंग्स, बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट शामिल हैं। ईडी की यह जांच दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। इन मामलों में धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे अपराधों की धाराएं लगाई गई हैं, जो (PMLA) के तहत अपराध हैं। जांच में पाया गया कि इस राशि का एक हिस्सा जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके परिवार से जुड़ी कंपनियों कर्कुन कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स, अमला एंटरप्राइजेज स्स्च और दियाला कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड में ट्रांसफर किया गया और बाद में इसे विदेशों में भेजा गया।

# इंडिया रबर एक्सपो 2026 का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एशिया की सबसे बड़ी रबर उद्योग प्रदर्शनी इंडिया रबर एक्सपो (IRE 2026) का आज राजधानी के भारत मंडपम, आईटीपीओ में भव्य शुभारंभ हुआ।

ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह चार दिवसीय आयोजन (7 से 10 अप्रैल) देश-विदेश के उद्योग जगत के दिग्गजों, नवाचारकर्ताओं और हितधारकों को एक मंच पर ला रहा है।

इस भव्य उद्घाटन समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। "इनोवेटिव कनेक्ट ट्रांसफॉर्म" थीम पर आधारित यह एक्सपो रबर और संबद्ध उद्योगों में नवाचार, सहयोग और विकास को नई दिशा देने का काम कर रहा है। इस बार प्रदर्शनी में 400 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं, जबकि 45,000 से ज्यादा आगंत. ुकों के पहुंचने की उम्मीद है।

करीब 26,000 वर्ग मीटर में फैले इस आयोजन को अब तक के सबसे बड़े संस्करणों में गिना जा रहा है। एक्सपो में कच्चे माल, मशीनरी, इलास्टोमर, केमिकल्स, तैयार उत्पाद और अत्याधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों सहित पूरी रबर वैल्यू चेन का व्यापक प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बार 14 देशों-चीन, जापान, रूस, कोरिया, थाईलैंड, ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और ताइवान सहितख्र्के 60 से अधिक अंत. रराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी ने आयोजन को वैश्विक आयाम दिया है। खासतौर पर चीन की मजबूत मौजूदगी उन्नत मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों और वैश्विक व्यापार साझेदारी की दिशा में बढ़ते रुझान को दर्शाती है।वैश्विक भागीदारी, व्यापक प्रदर्शनी और नवाचार पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इंडिया रबर एक्सपो 2026 भारत को रबर उद्योग के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने शुरू किया स्वस्थ हार्ट अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर इंद्रप्रस्थ संजीवनी एनजीओ ने सात दिवसीय जागरुकता अभियान की शुरुआत की।।

'स्वस्थ हाट' नामक इस अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारियों ने कृष्णा ओवरस. ीज आईएमसी कॉरपोरेट ऑफिस में उन्होंने हार्ट अटैक से तुरंत बचाव के लिए प्राथमिक उपचार सॉर्बिट्रेट टैबलेट बांटी। संस्था के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने बताया कि हार्ट अटैक आज युवाओं को भी आसानी से अपनी चपेट में ले रहा है। उन युवाओं में हार्ट अटैक के प्रति जागरुकता फैलाने के




मकसद से हेल्थ डे के शुभ अवसर पर संस्था ने कॉरपोरेट ऑफिस, जिम, पुलिस स्टेशन इत्यादि जगहों पर जाकर यह टेबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह टैबलेट एक जीवनरक्षक का काम करती है। यदि किसी को साइलेंट हार्ट अटैक, सीने में दर्द या हार्ट अटैक आता है, तो उस स्थिति में सॉर्बिट्रेट टैबलेट जीवनरक्षक का कार्य करती है।

## 34 लापता बच्चों को परिवार वालों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत पांच दिन के अभियान में 34 लापता बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया है। इस मिशन की दिल्ली पुलिस के विभागों काफी तारिफ भी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च से इस अभियान को एसीपी विरेन्द्र दलाल की देखरेख में चलाया गया था। पुलिस टीम ने जिले से लापता बच्चों के बारे में पता किया। उनके परिवार,रिश्तेदारों और जानकारों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और दर्जनों मोबाइल फोन को सर्वलांस पर लगाकर उनकी लोकेशन पता करने की कोशिश की। लापता बच्चों का रूट पता करने के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

# पुरानी रंजिश के चलते चाकू मारा, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के कल्याण पुरी थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर तीन सीसीएल को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चाकू बरामद किया है। यह वारदात पुरानी रंजिश के कारण हुई थी।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 4 अप्रैल को कल्याणपुरी थाने में एलबीएस अस्पताल में एक घायल व्यक्ति के भर्ती होने के संबंध में सूचना मिली। इस व्यक्ति को महिला पार्क, चांद सिनेमा क्षेत्र के पास हुए एक हमले में चाकू से चोटें आई थीं। आवश्यक कार्रवाई के लिए यह सूचना एसआई आशीष को सौंपी गई। घायल व्यक्ति का बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह लगभग 9:00 बजे, पुरानी रंजिश के कारण चार परिचित व्यक्तियों ने उस पर चाकू से हमला किया था।अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसीपी कल्याणपुरी की देखरेख में एसएचओ कल्याणपुरी के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी निगरानी और मैन्युअल इंटेलिजेंस के आधार पर घटना में शामिल तीन सीसीएल को पकड़ लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### हिस्ट्रीशिटर को गोली मारने वाला नामजद अभियुक्त पुलिस

# मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में पुलिस की गोली लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत दिनों मोदीनगर थाने के हिष्ट्रिशीतर राहुल उर्फ कालू को गोली मारने वाले नामजद अभियुक्त जलबीर शर्मा उर्फ जल्लू को मोदीनगर पुलिस ने एक मुठभेड़ में उसके साथी समेत गिरफ्तार किया है मुठभेड़ में जल्लू के पैर में पुलिस की गोली लगी है!

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया की गत दिनों हिस्ट्रीशिटर राहुल को कुछ लोगो ने जान से मारने की नियत से गोलियां मारी थी जिसमे ग्राम दौसा निवासी जलबीर शर्मा उर्फ जल्लू पंडित



जलबीर की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया है

को नामजद किया गया था, मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जलबीर को उसके एक साथी समेत उसके गांव जाते हुए घेराबंदी की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी, जवाबी फायरिंग में जलबीर के पैर में पुलिस की गोली लग गयी जिससे वह अपने एक साथी समेत पकड़ा गया है, उसके साथी की पहचान जतिन शर्मा निवासी आनंद विहार दिल्ली के रूप में हुई है!

घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल 0.32 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 0.32 बोर, 02 खोखा कारतूस 0.32 बोर, 3 अदद मोबाइल फोन ग्रे रंग की आल्टो कार नम्बर-DL6CR9421 बरामद हुई हैँ! जलबीर की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया है।

जलबीर पर एक दर्जन के लगभग मुकदमे विभिन्न थानो में दर्ज है। पूछताछ में जलबीर ने 2 अप्रैल की रात्रि हिस्ट्रीशीटर राहुल कालू पर गोली चलाये जाने की घटना मे अपने अन्य साथियो के साथ शामिल होना बताया, उसके अन्य साथियो की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## सर्व सनातनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन 21 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाज सेवी एवं वरिष्ठ राजनीतिज्ञऔ की एक बैठक का आयोजन कर सर्व सहमति से देश में होने वाले ऐतिहासिक सर्व सनातनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का प्रस्ताव पारित कर एक स्वर में सहमति प्रदान की इस बैठक के मुख्य अतिथि आशु वर्मा पूर्व महापौर भाजपा नेता, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समा. जसेवी जेपी कश्यप ने की इस अवसर पर आशु वर्मा ने कहा इस कार्यक्रम की संचालन समिति में उन सभी अनुभवी समाज सेवीयों को शामिल किया जाएगा जिन्होंने अपने-अपने समाज में वैवाहिक परिचय सम्मेलन करने का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि यह विशेष परिचय सम्मेलन 21 जून को इंपी.



रियल वेंकट हॉल में होगा परिचय सम्मेलन के पंजीकरण हेतु एक हफ्ते में कार्यालय का उद्घाटन हो जाएगा कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वी के अग्रवाल ने पंजीकरण शुल्क 500 रुपए निर्धारित करने का प्रस्ताव किया। बैठक में नरेंद्र बंसल, मुकेश गुप्ता, आरसी शर्मा, बीपी गोयल, अंकित गुप्ता राष्ट्रीय सरल पार्टी, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, राकेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अरविंद गुप्ता, स्नेह लता सिंघल, नीलू अग्रवाल, वंदना चौधरी, लोकेश सिंघल, विपिन मित्तल, अजय अग्रवाल, सुनील शर्मा, अखिलेश अग्रवाल, छोटे लाल कनो. जिया, राजेश गुप्ता, संदीप सिंघल, आनंद प्रकाश लोहे वाले, सुभाष गर्ग आरडी स्टील, संजीव अग्रवाल सरवन जयंतीपुरम, बुद्ध प्रकाश गोयल मुरादनगर, प्रदीप चौधरी पार्षद, मनोज गोयल पार्षद, श्याम सुंदर गुप्ता, राजदेव त्यागी, रमेश मंगल, सीताराम अग्रवाल, लोक दल नेता अरुण भूलन, सुनील गुप्ता पूर्व पार्षद, गोपीचंद व्यापारी नेता, नरेंद्र तेवतिया, राकेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## आईटीएस मोहननगर में एमसीए के विद्यार्थियों हेतु मेधावी सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में एमसीए विद्यार्थियों के लिए मेधावी पुरस्कार एवं अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित Dr- T- V- Vijay Kumar, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम्स साइंसेज, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली एवं सुशील कुमार मेहर, चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर, AIIMS New दिल्ली, आईटीएस के निदेशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय, एमसीए पाठ्यक्रम की संयोजिका डॉ० पूजा धर तथा सह संयोजिका प्रो० स्मिता कंसल के द्वारा माँ वीणा वादिनी



के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ० आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। अपने सन्देश में आईटीएस के चेयरमैन डॉ० आरपी चड्ढा ने कहा कि यह समारोह हमारे विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान करने एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।। मुझे विश्वास है कि हमारे छात्र अपने ज्ञान, कौशल एवं मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अपने सन्देश में वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत एवं समर्पण को सम्मानित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं दी।

## एहसास महिला समिति ने किया दांत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, एहसास महिला समिति द्वारा सुभारती दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के सहयोग से आदर्श प्राथमिक विद्यालय, गोविंदपुरी में नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के दांतों की जांच की गई तथा उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। इस शिविर में सुभारती दंत महाविद्यालय के चिकित्सकों ख्र डॉ. आयुष विद्यार्थी, डॉ. आक. श लाटियान, डॉ. शशांक तिवारी, डॉ. प्रियंशी अग्रवाल, डॉ. ममता कुमारी-द्वारा दंत परीक्षण किया गया, जिनका सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। एहसास महिला समिति की ओर से प्रतिभा गांधी, डॉ. रुचि विद्यार्थी, रुचि विज, सविता सिरोही, मीनू शर्मा एवं लता की सक्रिय सहभागिता एवं योगदान इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में निष्काम सेवक जत्था समिति मोदीनगर के अध्यक्ष जसमीत सिंह, IIFA कॉलेज के निदेशक डॉ. संघर्ष शर्मा तथा लविता कम्पनी के निद. शक तरुण विज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या पूनम राणा ने आए हुए सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह पहल न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल का माध्यम बनी, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुई।

## राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा किया गया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगीता दो. हरे प्रदेश अध्यक्ष सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ मुख्य अतिथि रहीं। बैठक में एडवोकेट अमित सहलोत को जिला अध्यक्ष (सामाजिक न्यायई प्रकोष्ठ ) नियुक्त किया गया। संगीता दोहरे ने अपने संबोधन में सामाजिक न्याय मंत्र प्रकोष्ठ की और चौधरी चरण सिंह जी की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया। संगीता दोहरे ने एडवोकेट अमित सहलोत को नियुक्ति पत्र देकर जिला अध्यक्ष की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की व कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव



अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस मौके पर संगीता दोहरे प्रदेश अध्यक्ष , रामपाल चौधरी चौधरी जिला अध्यक्ष , चौधरी तेजपाल सिंह , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी, सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू,अजय पाल प्रमुख , अरुण चौधरी भुल्लन, लोकेश चौधरी, एडवोकेट अमित चौधरी, हिमांशु नागर, आतुर रिजवी, मोहम्मद अदनान, संजीव चौधरी,सत्येंद्र तोमर, जयदीप चौधरी, एडवोकेट गजेंद्र आर्य, राखी संधू, राशि उपाध्याय, मनोज त्यागी, मनिंदर बिल्ला, संजीव अरोड़ा , दिनेश शर्मा, नरेंद्र चौधरी, अंकुर त्यागी, सुनील तेवतिया एडवोकेटश दीपू शर्मा, नरेंद्र जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।

## समरकूल की नयी औधोगिक इकाई का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पूर्वांचल के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने, एवं अपनी उत्पादन क्षमता बढाने के लिए समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड की एक इकाई जल्दी ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जिसमें एयर कूलर, पंखे, एलइडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन



सहित अनेको घरेलू उपकरणों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाएगा। तथा क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलने के साथ स्थानीय विकास को भी रफ्तार मिलेगी। हाल में समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड की कई निर्माण इकाई गाजियाबाद में स्थापित हैं। जिनमें बडे पैमाने पर लगभग 200 घरेलू उपकरणों का निर्माण किया जा रहा हैं। कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश में औधोगिक विकास के लिए बहुत ही अनुकूल माहौल हैं। तथा कानून व्यवस्था चाक चौबंद हैं। तथा संबंधित अधिकारी भी औधोगिक विकास के लिए सहयोगी साबित हो रहें हैं। जिसके कारण समरकूल के विस्तार के साथ उत्तर प्रदेश का विकास भी निरंतर हो रहा हैं।

## विजया स्वप्न फाउंडेशन एवं नगर निगम गाजियाबाद द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन ने नगर निगम गाजियाबाद के सहयोग से "वेस्ट सेग्रीगेशन (कचरा पृथक्करण) एवं स्वच्छता जागरूकता" विषय पर एक विशेष जागरूकता शि. विर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को कचरे के सही प्रबंधन, रीसायकल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सुंदर एवं रचनात्मक चित्र बनाए। इन चित्रों के माध्यम से छात्रों ने स्वच्छ भारत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगर निगम गाजियाबाद की टीम ने उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। फाउंडेशन की संस्थापिका ममता शर्मा और प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक रहने के संकल्प के साथ किया गया।

## आईटीएस कॉलेज में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया। इस वर्ष का विषय स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों - विज्ञान के साथ खड़े रहें था। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुरादनगर ब्लॉक, कल्लूगढ़ी क्षेत्र तथा संस्थान परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में मरीजों को स्वेच्छा से दांतो की सफाई, मौखिक प्रोफिलैक्सिस, खराब दांतों का निष्कासन तथा अन्य आवश्यक उपचार



प्रदान किए गए। साथ ही दांतों की सुरक्षा हेतु पिट एवं फिशर सीलेंट तथा टॉपिकल फ्लोराइड जैसी निवारक प्रक्रियाएं भी की गई। जिला संयुक्त अस्पताल के मनोचिकित्सक, डॉ0 साकेत नाथ तिवारी द्वारा छात्रों में तनाव प्रबंधन कौशल की पहचान एवं विकास विषय पर एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा एक निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से ग्रसित मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ बडी संख्या में स्थानीय लोगों ने उठाया। छात्रों में रचनात्मकता एवं स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत मे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया।

## पवन सक्सेना बने सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी के महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पवन सक्सेना जोकि सुभाषवादी भारतीय समा. जवादी पार्टी के एक कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं और पार्टी की स्थापना से निरंतर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं उन्हें आज सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया पार्टी के संस्थापक सत्येंद्र यादव ने उन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए कहा की पवन सक्सेना पार्टी के एक जुझारू कार्यकर्ता है और उन्होंने अपने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान करने के लिए विभिन्न आंदोलन किए हैं उन्हें महानगर अध्यक्ष नियुक्त करते हुए मुझे बहुत ही खुशी हो रही है




और मैं उम्मीद करता हूं कि पवन सक्सेना इसी तरह से पार्टी के बैनर के नीचे काम करते हुए पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेंगे और उनके नेतृत्व में पार्टी घर-घर तक पहुंचेगी

पवन सक्सेना ने महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने का वादा किया इस अवसर पर अमित किशोर अनिल श्रीवास्तव रजनीश लोहानी धीरेंद्र सिंह भदोरिया उपेंद्र चौधरी पवन कुमार सक्सेना सत्येंद्र यादव मनोज शर्मा राजेंद्र यादव दीपक वर्मा मुखर्जी हरीश शर्मा रिंकू रोी. हत नसरुद्दीन मालिक दीपक पाल विकास विवेक राणा संजय कुमार अक्षय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे

## धनंजय नेहरा ने जीता लिटिल चैंपियनशिप अवार्ड 2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर/नोएडा।** 9 वर्षीय धनंजय नेहरा ने नोएडा में आयोजित हुई शूटिंग चैंपियनशिप में अवार्ड जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मूल रूप से मोदीनगर के गांव गदाना निवासी व वर्तमान में नोएडा रह रहे धनंजय के दादा समाजसेवी रविंद्र नेहरा ने बताया की गत दिनों नोएडा में शूटिंग प्रतियोगिता 'गुरु चैंपियनशिप 2026' का आयोजन किया गया था जिसमे क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों के सैकड़ो बच्चो ने भागेदारी की थी जिसमे अंडर 10 आयु वर्ग में धनंजय नेहरा ने लिटिल चैंपियनशिप अवार्ड 2026 जीता है, यह अवार्ड इस चौंपियनशिप



का सर्वोच्च पुरस्कार है जोकि धनंजय को मिला है साथ ही 2100 रूपये के नगद पुरस्कार भी मिला है। धनंजय की इस उपलब्धि पर नोएडा व मोदीनगर के लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धनंजय व उसके परिजनों को बधाई दी!

## सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में स्केटिंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में श्रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशनश के सहयोग से सुंदरदीप स्केटिंग चैंपियनशिप का अत्यंत भव्य आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव का विधिवत शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत, डायरेक्टर एडमिशन अखिलेश वर्मा एवं रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव आकाश द्वारा किया गया। इवेंट कॉर्डिनेटर आयशा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-6 से लेकर अंडर-16 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जहाँ एडजस्टेबल, क्वॉड, टॉय इनलाइन और इनला. इन प्रो जैसी श्रेणियों में कड़े मुक.



ाबले देखने को मिले। नन्हे खिलाड़ियों की गति और जोश ने मैदान में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

डायरेक्टर एडमिशन अखिलेश वर्मा ने बताया कि स्कूल ना सिर्फ एकेडमिक्स बल्कि बियोंड एकेडमिक्स पर भी बहुत ध्यान देता है जिससे की बच्चों की प्रतिभा को और भी निखरा जा सकें, ताकि वे जीवन की हर चुनौती के लिए तैयार हो सकें। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रधानाचार्या, चीफ एडमिन सुभाष शर्मा और आयोजिका आयशा ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विज. ेताओं को पदक प्रदान किए। अंत में, मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सामूहिक फोटो और राष्ट्रगान के साथ इस सफल खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर हेड कोच रिंकु चौधरी, हिमानी चौधरी, अंकुर अग्रवाल एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा जल शोधन संयंत्र का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी. फार्म) के विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम प्रताप विहार गंगाजल जल शोधन संयंत्र का एक शैक्षिक एवं ज्ञानवर्धक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग था, जिसका उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना तथा जल शोधन, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ करना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को जल शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। फार्मास्यूटिकल शिक्षा में जल की गुणवत्ता तथा उसके मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव का विशेष महत्व होता है। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को इन अवधारणाओं को वास्तविक जीवन में समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन स्कूल की निदेशक प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं अनुभवात्मक शिक्षण के प्रति समर्पण ने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल और




उद्देश्यपूर्ण बनाया। इस भ्रमण में डी. फार्म के विद्यार्थियों के साथ नेहा रावत एवं निशु गौतम भी साथ रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रताप विहार स्थित जल शोधन संयंत्र पहुंचने पर विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

संयंत्र के इंजीनियर तनवीर एवं प्लांट इंचार्ज, एनैनुएल राणा ने पूरे भ्रमण का संचालन किया तथा जल शोधन की प्रत्येक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया, जिससे विद्यार्थियों को जटिल तकनीकी अवधारणाओं को सहजता से समझने में सहायता मिली। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कोएगुलेशन (सह-अपघटन), फ्लोकुलेशन, सेडिमेंटेशन (अवसादन), फिल्ट्रेशन (निस्यंदन) तथा डिसइंफेक्शन (कीटाणुशोधन) जैसी प्रमुख प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने देखा कि किस प्रकार कच्चे जल को वैज्ञानिक विधियों एवं आधुनिक तकनीकों की सहायता से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल में परिवर्तित किया जाता है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा। उनके निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग के बिना इस प्रकार की गतिविधियों का सफल आयोजन संभव नहीं हो पाता। कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार तथा कुलसचि. चव राजीव रतन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। शैक्षणिक समझ को गहराई प्रदान की, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया।

स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते रहें।

**Name Correction**

I, Naveen Mehra, father of Rumanika, resident of Ghaziabad, declare that the mother's name was incorrectly recorded as ANJNA MEHRA. The correct name is ANJNA. Henceforth, the correct name should be used for all official purposes.

**Name Correction**

I, Riza Ahmed D/o Wahab Ahmed R/o 41 Kassawan Dasna Gate Ghaziabad Declare That My Mother's Name Praween Published Was Wrong in My CBSE High School Roll No. -5375415 Year -2017 And Intermediate Roll No.-5869565 Year -2019 Mark Sheet The Correct Name Is Praveen Begum Henceforth The Correct Name Should Be Used For All Future Purposes.

## विधानसभा में कार घुसाने वाले सरबजीत सिंह को 8 दिन की पुलिस हिरासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने मंगलवार को आरोपी सरबजीत सिंह को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया। सरबजीत पर आरोप है कि उसने कार से विधानसभा की सुरक्षा तोड़ी और भागने की को. शिश की।

कोर्ट ने मामले की जांच, उसके बयानों की पुष्टि और हाल की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सरबजीत को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से 10 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने 8 दिन का आदेश दिया।

# गोली मारकर की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में एक बुजर्ग कारोबारी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस परिवार से पूछताछ कर कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगोलपुरी पुलिस को सुबह सुविधाकुंज,पीतमपुरा स्थित एक फ्लैट में गोली मारकर खुदकुशी करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची,कमरे में काफी ज्यादा खून पड़ा हुआ था। उमराव सिंह(80) मृतावस्था में पड़े थे। पास ही खून से सनी पिस्टल और कारतूस का खोल पड़ा था। पुलिस ने शव को संजय गांधी अस्पताल में मोर्चरी भेज दिया। रिवॉल्वर और कारतूस का खोल बरामद कर लिया।

क्राइम और फॉरेसिंक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि रिवॉल्वर लाईसेंसी थी। उमराव पेशे से रियल एस्टेट से जुड़े हुए थे। वह मूलरूप से ग्राम सुल्तानपुर माजरा के रहने वाले थे। परिवार में उनके दोनों बेटे रियल एस्टेट के व्यवसाय में हैं और बेटियों की शादी हो चुकी है।

# नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग का दायरा 1.5 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख प्रतिवर्ष किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य देखभाल और स्क्रीनिंग को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दिल्ली सरकार ने 'मिशन अनमोल 'को लागू करने की मंजूरी दे दी है, जो एक बेहद महत्वपूर्ण और विस्तृत नवजात शिशु स्क्रीनिंग कार्यक्रम है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजधानी दिल्ली में जन्म लेने वाले हर शिशु में जन्मजात बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका उचित इलाज सुनिश्चित करना है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि 'मिशन अनमोल' पहल के तहत अब हर साल 1.5 लाख की जगह लगभग 2.5 लाख नवजात शिशुओं की पूरी स्क्रीनिंग की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग हर नवजात की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जा सके। इस विस्तार से कई प्रकार की मेटाबॉलिक,एंडोक्राइन और फंक्शनल और जन्मजात बीमारियों की समय रहते पहचान और समुि. चत इलाज सुनिश्चित होगा, जिससे भविष्य में नवजातों के स्वास्थ्य परिणामों में काफी सुधार होगा। मिशन अनमोल पहल एक एकीकृत और टेक्नो लॉजी-आधारित कार्यक्रम है, जिसे राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों और सबसे अच्छे तरीकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि हर नवजात शिशुओं की पूरी स्क्रीनिंग को एक मानक के रूप में स्थापित किया जा सके।

इस कार्यक्रम के तहत जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म, जन्मजात हृदय रोग, सुनने की समस्या और समय से पहले जन्मे बच्चों में होने वाली आंखों की बीमारी (रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी) जैसी स्थितियों के साथ जन्मजात बीमारियों की स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि प्रभावित बच्चों का समय रहते उपचार सुनिश्चित हो सके और उनके जीवन को और बेहतर बनाया जा सके।इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बड़े पैमाने पर इसके कार्यान्वयन में सहायता के लिए मानव संसाधनों को और मजबूत बनाना है। जिसके लिए कुल 148 पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें मौजूदा 73 प्रयोगशाला और फील्ड कर्मचारियों के पदों को जारी रखा गया है। साथ ही में 60 स्टाफ नर्सों और 15 ऑप्टोमेट्रिस्ट के रूप में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई है। स्टाफ नर्सें नवजात शिशुओं, विशेषकर समय से पहले जन्मे और गंभीर रूप से बीमार बच्चों के सैंपल लेने, सुरक्षित देखभाल के समन्वय को सुनिश्चित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वहीं, ऑप्टोमेट्रिस्ट पूरे राज्य में नवजातों की आंखों की स्क्रीनिंग (रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी) में सहयोग करेंगे।

## मिड मई से शुरू हो सकते हैं डीयू यूजी के दाखिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 2026 मई के तीसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। यह प्रक्रिया कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट- 2026 शुरू होने के तुरंत बाद शुरू की जाएगी।

विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश प्रक्रिया कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम पोर्टल के माध्यम से संच. ालित करता है, और प्रवेश कई चरणों में होता है, जिसमें पहला चरण पंजीकरण है।उन्होंने आगे बताया कि सीएसएएस पोर्टल के माध्यम से प्रवेश मुख्य रूप से सीयूईटी के परिणामों पर निर्भर करता है, जिसके बाद छात्र विषय मैपिंग के बाद योग्य विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# कड़कड़डूमा कोर्ट में अधिवक्ता पर नुकीले हथियार से हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में मंगलवार को एक अधिवक्ता पर नुकीले हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में अधिवक्ता के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें तीन टांके लगे हैं। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित अधिवक्ता अमन जो दिलशाद गार्डन के निवासी हैं, उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 में भी कुछ दबंगों द्वारा उन पर हमला किया गया था, जिसकी उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई थी। मंगलवार को वर्ष 2024 के एक मामले में सुनवाई के सिलसिले में वह कड़कड़डूमा कोर्ट पहुंचे थे। आरोप है कि सुनवाई से पहले ही आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। अधिवक्ता के अनुसार, सुनवाई के बाद जब वह कोर्ट परिसर स्थित पुलिस चौकी में शिकायत देने जा रहे थे, तभी वहां पहले से मौजूद चार युवक और दो महिलाओं ने उन पर हमला कर दिया।



राम लीला मैदान में हज यात्रियों के लिए लगाए जाने वाले हज कैम्प स्थल का निरीक्षण करते हज कमेटी की अध्यक्षा कौसर जहां साथ में हैं सेंट्रल दिल्ली के एडिशनल डीसीपी ऋषि सिंह ।

# हज 2026 की व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैसे जैसे पवित्र हज यात्रा 2026 के लिए हज यात्रियों के प्रस्थान का समय निकट आ रहा है, हज यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यों एवं बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इसी संबंध में दिल्ली स्टेट हज कमेटी के सौजन्य में 18 अप्रैल से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से शुरू होने वाली हज उड़ानों से पहले हज कमेटी की अध्यक्षा कौसर जहां की अध्यक्षता में दिल्ली के विभिन्न संबंधित विभागों एम.सी.डी, दिल्ली पुलिस, दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड, दिल्ली जल बोर्ड, सिविल डिफेंस इत्यादि के अधिकारियों के साथ हज व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की।

इस से पहले सेंट्रल दिल्ली के एडिशनल डीसीपी ऋषि सिंह, आई. पी.एस के साथ दिल्ली के प्रसिद्ध राम लीला मैदान में हज यात्रियों के लिए लगाए जाने वाले हज कैम्प स्थल का निरीक्षण भी किया और राम लीला मैदान में चल रहे कार्यों का सर्वेक्षाण किया। इस बैठक में दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उपकार्यकारी अधिकारी मो. हसिन अली और हज कमेटी के सम्बन्धित स्ताफ भी शामिल थे। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने हज से संबंधति जानकारी देते हुए बताया कि इस साल दिल्ली राज्य से 3226 हज यात्री पवित्र हज यात्रा पर जाएंगे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से कथित बैंक खाते की पासबुक बरामद की है। शिकायतकर्ता से 35,000 रुपये की ठगी की गई थी। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उससे नौकरी दिलाने के बहाने 35,000 रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी। हालाँकि, उसे कोई नौकरी नहीं मिली, और उसके बाद आरोपी से संपर्क करना असंभव हो गया। इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसएचओ साइबर विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने पैसों के लेन-देन के विवरण का विश्लेषण किया जिससे पता चला कि आरोपी का बैंक ऑफ बड़ौदा में एक खाता था और ठगी गई राशि उसी बैंक खाते में जमा की गई थी; यह खाता कपिल कुमार के नाम पर था। आरा. ेपी द्वारा इस्तेमाल किए गए कॉलिंग नंबर भी कपिल कुमार के नाम पर ही पंजीकृत थे। पुख्ता सबूतों के आधार पर, एक छापा मारा गया और आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसके कथित बैंक खाते की पासबुक बरामद कर ली गई है।

# 14 अप्रैल से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर दौड़ेंगी गाड़ियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**14 अप्रैल से बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस हाई-स्पीड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून का सफर, जो अभी तक 6 घंटे या उससे अधिक लेता है, अब महज 2 से 2.5 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। एक्सप्रेसवे पर वाहन 100 किमी प्रतिघंटा की गति से फर्राटा भर सकेंगे, जिससे यात्रा न केवल तेज बल्कि कहीं अधिक सुगम भी होगी। दिल्ली में यह एक्सप्रेसवे अक्षरधाम से शुरू होता है और उत्तर प्रदेश के बागपत, शामली और सहारनपुर होते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में प्रवेश करता है।

यह मार्ग हरिद्वार, ऋषिकेश और मसूरी जाने वाले यात्रियों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आएगा। खासकर वीकेंड टूरिज्म के लिहाज से यह एक्सप्रेसवे गेमच. ेंजर साबित होने वाला है। इस परियोजना का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई ) द्वारा कराया गया है। इसे कई चरणों में विकसित किया गया और वर्ष 2020 के आसपास निर्माण कार्य शुरू हुआ था। करीब 12000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह एक्सप्रेसवे आधुनिक इंजीनियरिंग का उदाहरण है। एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियतों में 6 लेन का हाई-स्पीड कॉरिडोर, अत्याधुनिक इंटरचेंज, सर्विस रोड, इमरजेंसी लेन और स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी, एम्बुलेंस और हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई गई हैं।

# सुकेश चंद्रशेखर को कोर्ट से मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राज्य प्रवर्तन अदालत ने कथित ठग सुक. ेश चन्द्र शेखर को 'टू लीफ' चुनाव चिह्न से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मानत दे दी है। हालांकि कई अन्य मामलों में जेल में बंद होने के कारण वह फिलहाल रिहा नहीं हो सकेगा। अदालत ने सुकेश को 5 लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए कहा कि संविधान में व्यक्तिगत स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि एक ओर अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात करें और दूसरी ओर बिना पर्याप्त कारण के उसे सीमित करें, यह उचित नहीं है। यह मामला ईडी की ओर से दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है, जो चुनाव चिह्न 'टू लीफ' को लेकर कथित धोखाधड़ी और अवैध लेनदेन के आरोपों से संबंधित है। इस मामले में ईडी ने के तहत केस दर्ज किया था। कोर्ट ने अपने आदेश में माना कि मनी लॉन्ड्रिंग गंभीर अपराध है और इसके लिए विशेष कानून बनाया गया है, लेकिन यह कानून ऐसा हथियार नहीं बन सकता जिसके आधार पर किसी आरोपी की स्वतंत्रता को लंबे समय तक रोका जाए।

## दिल्ली कांग्रेस जिला अध्यक्ष पर राहुल खरगे की अंतिम मुहर पर होगा फैसला

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद व ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रामचंद्र खूंटिया ने कहा कि जिला अध्यक्ष का चयन अंतत: शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी से ही होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चयनित नामों को राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के पास भेजा जाएगा, जहां से अंतिम फैसला लिया जाएगा।

संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में खूंटिया ने कहा कि जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी कार्यकर्ताओं, ब्लॉक अध्यक्षों, पूर्व विधायकों, पूर्व पार्षदों, सेवादल, महिला कांग्रेस और एससी-एसटी विभाग के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को बंद कमरे में अपनी राय रखने का अवसर दिया जाएगा।




विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, दिल्ली पुलिस की कल्याण इकाई ने दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान, दिलशाद गार्डन, के सहयोग से पुलिस मुख्यालय,स्थित ऑफिसर्स लाउंज (भूतल) में कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा रचना गोलचा और दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा शुक्ला की उपस्थिति रही। डॉ. प्रज्ञा शुक्ला ने कैंसर के विभिन्न रूपों और उसकी रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर का आयोजन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कल्याण) राजीव रंजन और पुलिस उपायुक्त (कल्याण) मयंक बंसल के पर्यवेक्षण में किया गया।

दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों के 76 पुलिसकर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। शि. विर के दौरान स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख कैंसर और प रक्त परीक्षण किए गए।

## साइबर धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने 6.02 लाख की धोखाधड़ी का मामला सुलझाकर दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से छह मोबाइल फोन बरामद किए है। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि जिले के साइबर थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि बिजली दफ्तर के कर्मचारी होने का नाटक करने वाले एक व्यक्ति ने बिजली के बिल पर नाम अपडेट करने के बहाने उसके साथ धोखाधड़ी की। धोखेबाज ने उससे अनुरोध को प्रोसेस करने के बहाने एक नुकसान पहुंचाने वाली एपीके फाइल डाउनलोड करवा ली।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण: EL-MWS-GKP-2026-27-01;** प्रोविजन ऑफ इंस्टॉलेशन ऑफ एयर कंडीशनिंग यूनिट इन डिफ्रेंट ऑफिसेज ऐट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** ₹2,46,66,062.22; **बयाने की राशि:** ₹4,93,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹0.00; **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से:** 3 महीना। • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 28.04.2026 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.),
मुजाधि/विद्युत-05 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | DEN/IV खंड के विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं की व्यवस्था (निविदा संख्या 132-25-26-W-IV)। |
| अनुमानित लागत | रु.38165385.05 |
| धरोहर राशि | रु.763300.00 |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 14.04.2026 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.04.2026 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 132/25-26/डब्लू-4
दिनांक: 06.04.2026 1148/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर **ई-बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-12-2026 | 23.04.2026 को 11:00 बजे | दिल्ली सराय रोहिल्ला (साईकिल-स्कूटर), दिल्ली किशनगंज, गढ़ी हरसरू, जाखल (प्रथम प्रवेश) = कुल 04 साइटें। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है** — **https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084**

संख्या-23AC/393/E-Auction/PKG/2026 दिनांक:- 07.04.2026 1156/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्वस्थ जीवनशैली ही बेहतर भविष्य की कुंजी: डॉ . कालरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल 7 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत को रेखांकित करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देता है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक व दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और नई बीमारियों के खतरे के बीच आज स्वस्थ रहना पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। डॉ. कालरा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है।

# ग्लोबल फिल्म हब बनाने की दिशा में आईएफएफडी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को ग्लोबल फिल्म हब बनाने की दिशा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली का सफल आयोजन हुआ। कला, संस्कृति एवं उत्सवों से जुड़े लगातार भव्य आयोजनों से नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली नये भारत की 'आर्ट कैपिटल' बनेगी।

यह बात दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के फिल्म उत्सव के साथ यह आयोजन दिल्ली की क्रिएटिव इकोनॉमी और ऑरेंज इकोनॉमी को मजबूत करने की दिशा में भी सार्थक प्रयास रहा। पहले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली में रिकॉर्ड 100 से अधिक देशों की 2187 फिल्मों की एंट्री मिली।

आयोजन के तहत 47 देशों की 125 से अधिक फिल्मों का भारत मंडपम सहित दिल्ली भर में 15 जगहों पर प्रदर्शन हुआ, जिसका भारतीय व विदेशी दर्शकों ने आनंद उठाया। इस वर्ष स्पेन को "कंट्री ऑफ फोकस" तथा सिंगा. पुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को आधिकारिक साझेदार के रूप में शामिल किया गया, जिससे आयोजन को वैश्विक आयाम मिला।कपिल मिश्रा ने कहा कि इस फिल्म फेस्टिवल के लिए दुनियाभर से 30 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए, जो इस फिल्म फेस्टिवल को मिले व्यापक समर्थन को दिखाता है।

फिल्मकारों, कलाकारों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को एक वैश्विक पहचान दी है। यह महोत्सव केवल फिल्मों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि सीखने, संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति का एक बड़ा मंच बनकर उभरा है।

# हापुड नगर और गढ़मुक्तेश्वर सर्किल चमके, डीआईजी की समीक्षा में हापुड़ पुलिस की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ परिक्षेत्र में चल रहे 'ऑपरेशन विवेचना' का असर अब जनपद हापुड़ में भी साफ दिखाई देने लगा है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कला. निधि नैथानी द्वारा की गई समीक्षा में हापुड़ जनपद में लंबित विवेचनाओं में कमी दर्ज की गई है, वहीं नगर व गढ़मुक्तेश्वर सर्किल का कार्य विशेष रूप से सराहनीय पाया गया है। डीआईजी द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल के आधार पर 1 मार्च 2026 के सापेक्ष 1 अप्रैल 2026 तक की समीक्षा की गई, जिसमें पूरे परिक्षेत्र में लंबित विवेचनाओं में 9 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। हापुड़ जनपद में भी इस अवधि के दौरान 3 प्रतिशत की



कमी आई है, जो पुलिस की सक्रियता और अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद हापुड़ के नगर, पिलखुवा और गढ़मुक्तेश्वर तीनों सर्किलों में लंबित विवेचनाओं में कमी दर्ज की गई है। विशेष रूप से 1 जनवरी से 1 अप्रैल 2026 तक की तीन माह की समीक्षा में सर्किल नगर और गढ़मुक्तेश्वर का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा, जिसे डीआईजी ने सराहनीय बताया। हालांकि परिक्षेत्र के कुछ अन्य जनपदों के सर्किलों में लंबित विवेचनाओं में वृद्धि भी सामने आई है, जिस पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि जहां अच्छा कार्य हुआ है, उसे प्रोत्साहित किया जाएगा और जहां कमी है, वहां जवाबदेही तय की जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि सभी जनपदों द्वारा विवेचना निस्तारण में निरंतर सुधार किया जा रहा है और सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल में प्रभावी पर्यवेक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान को और तेज करते हुए लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके।

# सरकारी खजाने में बढ़ोतरी, हापुड़ में वाहनों की नीलामी से लाखों की आमदनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में धारा-207(1) के तहत निरुद्ध वाहनों की नीलामी कराई, जिससे सरकारी राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। कार्यालय परिसर में उपजिलाधिकारी सुश्री रेनू की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस नीलामी प्रक्रिया में कुल 119 वाहनों को बेचा गया, जिनसे 34.85 लाख रुपये की अधिकतम बोली प्राप्त हुई।

नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई गई, जिसमें 29 बोल. ीदाताओं ने भाग लिया। जनपद के बाबूगढ़, गढ़मुक्तेश्वर, कोतवाली नगर, पिलखुवा, धौलाना और हाफिजपुर थानों में जब्त किए गए वाहनों को इस नीलामी में शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात राहुल यादव,



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश चौबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) छवि सिंह चौहान, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय, प्रधान सहायक रामआसरे तिवारी एवं वरिष्ठ सहायक उदय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से थानों में खड़े वाहनों के निस्तारण और सरकारी राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

# विकसित भारत रोजगार योजना बनी गेमचेंजर, बढ़े रोजगार के अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को लेकर जनपद के औद्योगिक क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। धौलाना स्थित यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र मसूरी-गुलावठी रोड पर मंगलवार को आयोजित जागरूकता बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे उद्यमियों ने योजना में गहरी रुचि दिखाई और रोजगार सृजन बढ़ाने का भरोसा जताया।

बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के पीएफ इंस्पेक्टर सुदीप कुमार सिंह ने उद्यमियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा में बताया कि सरकार नई नियुक्तियों पर उद्योगों को प्रतिमाह आर्थिक प्रोत्साहन दे रही है, जिससे उत्पादन



लागत में कमी आएगी और उद्योगों को विस्तार का अवसर मिलेगा। साथ ही पहली बार EPFO से जुड़ने वाले कर्मचारियों को भी सीधे लाभ का प्रावधान है। योजना को लेकर उद्योगपतियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए इसे डबल फायदा करार दिया। उनका कहना था कि इससे एक ओर उद्योगों को आर्थिक मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिए बड़े स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कई उद्यमियों ने मौके पर ही पंजीकरण प्रक्रिया में रुचि दिखाते हुए योजना से जुड़ने की इच्छा जताई। एमजीआर इंडस्ट्रियलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिका. रियों ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए अधिक से अधिक उद्यमियों को इससे जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति दे सकती है। इस अवसर पर धीरज तोमर, सुदीप चौधरी, अतुल बाटला, संजीव गोयल, नितिन गोयल, शिव कुमार गुप्ता, महेश शर्मा, अनुज जैन सहित अन्य उद्योगपति मौजूद रहे। बैठक के दौरान रोजगार बढ़ाने और उद्योगों को सशक्त बनाने को लेकर सार्थक चर्चा भी की गई।

# दूध डेरियों पर प्रशासन का शिकंजा, डीएम के आदेश पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में मिलावटी व अवैध रूप से संचालित दूध डेरियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर थाना हाफिजपुर क्षेत्र में पशु चिकित्सा विभाग, औषधि विभाग और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने करीब आधा दर्जन दूध डेरियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। अचानक हुई कार्रवाई से डेयरी संचालकों में हड़कंप मच गया। टीम ने डेरियों पर पहुंचकर दूध की गुणवत्ता, साफ-सफाई और अन्य मानकों की गहन जांच की। इस दौरान कई स्थानों से दूध के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, ताकि



मिलावट या अन्य अनियमितताओं की पुष्टि की जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान डेरियों में स्वच्छता और मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने भी पर्यावरण मानकों के पालन की जांच की। जिन स्थानों पर खामियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध व मिलावटी दूध के कारोबार पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, अतिक्रमण बना हादसे का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर में अंबेडकर गेट के निकट फैले अतिक्रमण से सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है। मंगलवार की सुबह ट्रक की टक्कर लगने से बहादुरगढ़ निवासी शमशाद आलम व्यक्ति की मौत हो गई व्यक्ति की मौत के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के स्याना रोड, मेरठ रोड, अम्बेडकर चौराहा समेत नगर के सभी मार्ग पर अतिक्रमण फैलने से रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। मंगलवार की सुबह को बहाद. ुरगढ़ निवासी शमशाद आलम अंबेडकर गेट के निकट स्याना रोड पर साइकिल सवार व्यक्ति



को पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल व्यक्ति को आसपास में मौजूद लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उनको मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बनारस से उठी एकरूपता की अलख, विद्वानों ने किया ऐतिहासिक विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तरवाहिनी गंगातट पर बसे पौराणिक शहर काशी में भारतीय ज्योतिष-कर्मकांड महासभा द्वारा निर्मित नव संवत 2083 की तिथि, व्रत एवं पर्व पत्रिका का भव्य विमोचन वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीप प्रज्वलन के साथ श्रद्धा व उत्साह के माहौल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखरी स्थित होटल ग्रीन में दो दिवसीय रूप से संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के प्रकांड ज्योतिष विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी, अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्या योगसिद्ध गुरुमाँ चेतना, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रामजीवन मिश्र, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. वासुदेव शर्मा, कार्यक्रम संयोजक पंडित अमरजीत पाण्डेय, महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले', विशिष्ट अतिथि ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष डा. सुरेश चन्द्र कौशिक एवं पंडित नरेश शर्मा सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्या गुरुमाँ चेतना ने महासभा अध्यक्ष पं. के.सी. पाण्डेय की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें विशिष्ट प्रतिभा का धनी बताया और सनातन धर्म के लिए उनके कार्यों को असाधारण कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. वासुदेव शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक पर्व के उद्देश्य को साकार करने के लिए महीनों की मेहनत से यह पत्रिका तैयार की गई है, जो अब काशी के विद्वानों की मान्यता से पूर्णत: प्रामाणिक हो चुकी है। महासभा अध्यक्ष पं. के.सी. पाण्डेय 'काशी वाले' ने कहा कि हापुड़ से शुरू हुआ यह प्रयास अब काशी के विद्वानों के समर्थन से राष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीयता प्राप्त कर चुका है। उन्होंने बताया कि पत्रिका का वितरण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नि:शुल्क किया जाएगा, जिससे समाज में एकरूपता और जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्वान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुठभेड़ केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने गौकशी और पुलिस मुठभेड़ के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध असलहा भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार, जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम नारायणपुर बास्का की मर्दैया निवासी अभियुक्त अफसर पुत्र साबुद्दीन को नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामलों में वांछित चल रहा था और लंबे समय से फरार था। आरोपी पर गौकशी और पुलिस मुठभेड़ से संबंधित गंभीर आरोप भी दर्ज हैं। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### स्कूल वैन और पिकअप गाड़ी की हुई टक्कर, दो बच्चे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही स्कूल वैन को पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो बच्चे यश और वंश गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य को मामूली चोट आई है। घटना के बाद पुलिस में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

क्षेत्र के एक स्कूल की वैन का चालक क्षेत्र के अलग-अलग गांव से स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल के लिए जा रहा था। जैसे ही वह बहाद. ुरगढ़ रोड पर पहुंचा तो पीछे से आई पिकअप गाड़ी ने स्कूली वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो बच्चे यश और वंश गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य बच्चों को मामूली चोट आई है। मामले की जानकारी जैसे ही स्कूल शिक्षक एवं पुलिस को लगी तो उनमें अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीएम को ज्ञापन देने निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने होली गेट पर रोका

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkqjkA बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया जिससे पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बताया गया कि होली गेट चौराहे पर रोके जाने के बाद कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे अब इस आपदा ने उनकी स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि गंग नहर और अपर केनाल में जलकुंभी व सिल्ट जमा होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित है और विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति की जाती है। वहीं कृषि विभाग पर भी पक्षपात के आरोप लगाए गए। कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों और गरीबों के उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में कटौती, तथा अधिकारियों के खराब व्यवहार का भी मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे हकीकत से कोसों दूर हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने यमुना प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गंदे नाले सीधे यमुना में गिर रहे हैं, जिससे आस्था को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने इसे तत्काल रोकने की मांग की। इसके अलावा शहर में लगने वाले जाम, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस और अव्यवस्थित यातायात को लेकर भी नाराजगी जताई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# jkgxhjk o xkeh.kk dh I;kl c>kus okys ljdkjh uy dh e'khu pkjh] I;kl s ykV ykx

शाह टाइम्स संवाददाता

चौमुहाँ (मथुरा)। क्षेत्र के चौमुहाँ–पसौली मार्ग पर बीती रात अज्ञात चोरों ने सरकारी नल की मशीन चोरी कर ली, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। सुबह जब लोग पानी भरने पहुंचे, तो नल गायब देख उनके होश उड़ गए।

पसौली गांव की आधी से ज्यादा आबादी अपनी दैनिक जरूरतों और पीने के पानी के लिए इसी सरकारी नल पर निर्भर थी। न केवल ग्रामीण, बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीर भी इसी नल से अपनी प्यास बुझाते थे। शनिवार सुबह जब ग्रामीण बाल्टी और बर्तन लेकर पानी भरने पहुंचे, तो वहां नल की मशीन नही थी। चौमुहाँ निवासी सतीश चोपड़ा, दीपक और कान्हा ने बताया कि यह नल राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए पानी का एकमात्र मुख्य स्रोत था। चोरों ने जनसुविधा को निशाना बनाकर मानवता को शर्मसार किया है। पानी न मिलने के कारण पसौली के दर्जनों लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा, जिससे गांव में भारी असंतोष है। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए।

# गंगा सप्तमी के कार्यक्रम को लेकर किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र स्थित गांव पुष्पावती पूठ में शिवग. ंगा आरती समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष आदेश शर्मा ने की।

समिति महामंत्री पंडित विनोद शास्त्री ने बताया मां गंगा मोक्षदायिनी है पतित पावनी है प्रत्येक शुभ या शुभ कार्य करने के लिए गंगाजल की आवश्यकता होती है, ऐसे ही जीवन में गंगा का दर्शन गंगा स्नान जितनी बार मिल जाए उतना ही काम होता है। गंगा प्रत्यक्ष देवता है शिवगंगा आरती समिति गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां गंगा जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मना रहीं हैं। मां गंगा के मंदिर में पंचामृत से मां गंगा के विग्रह का



अभिषेक होगा श्रृंगार होगा। तदोपरांत संगीत में सुंदरकांड का पाठ झांकियां कवियों द्वारा कविताएं प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर गंगा घाट को अनेक गुब्बारों व विभिन्न प्रकार के सुंदर फूलों द्वारा सजाया जाएगा। गंगा समिति द्वारा मां गंगा की नित्य प्रति होने वाली आरती का भी दर्शन होगा एवं पांच विद्वान द्वारा यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष चुनमुन स्वामी उर्फ प्रदीप शर्मा एवं हरिश्चंद्र खड़गवंशी को बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर एवं अमरोहा लोकसभा सांसद कंवर सिंह तंवर विशिष्ट अतिथि गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया पूर्व मंत्री मदन चौहान सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर विवेक कृष्ण अत्री आचार्य, दिनेश आर्य आचार्य, महात्मा तिवारी, कलवा केवट, चरण सैनी, दिनेश शर्मा, संजीव शर्मा, डा. महेश सैनी, रमेश केवट, कृष्ण अवतार, योगेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, आदेश शर्मा, राजू वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# Jhjke gh Hkkjr d s lukru vkn'k] vkLFkk o lL—fr d s dæ% ;kxh

'kkg VkbEl loknnkrk

oankouA मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन में कहा कि भारत का सनातन राजा केवल भगवान श्रीराम हैं, कोई विधर्मी नहीं हो सकता। संत मलूक दास जयंती कार्यक्रम में उन्होंने तुलसीदास के उदाहरण से रामभक्ति और सनातन परंपरा की महत्ता बताई।

वंशीवट क्षेत्र स्थित मलूक पीठ पहुंचकर सीएम योगी ने समाधि पूजन किया और शिव. लिंग पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत का राजा कोई विधर्मी नहीं हो सकता। भारत का एक ही सनातन राजा है। वह भगवान श्रीराम है। उन्होंने कहा कि



कहते हैं तुलसी दासजी एक गरीब ब्राह्मण थे, लेकिन उनसे बड़ा धनी कौन जो सबसे बड़े बादशाह के प्रस्ताव को ठुकरा देते हों कि नहीं वह बादशाह को नहीं जानते। वह एक ही राजा को जानते हैं। वह है भारत का सनातन राजा श्रीराम है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के अंदर रामलीला के माध्यम से जिस जन चेतना को जागृत किया। वह हर भारतीय के लिए एक नई प्रेरणा बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे भारत भूमि के एक ऐसे दिव्य संत की समाधि और उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाये रखने के लिये उनके प्राकट्य उत्सव पर दर्शन का सौभाग्य मिला है। याद करिये 452 वर्ष पहले भारत का मध्य काल, विदेशी आक्रांताओं की बर्बरता, सनातन पर छाये अंधकार, तब भक्ति की अलग धारा लेकर मलूक दास महाराज ने जनजागरण किया। प्रयागराज में जन्म लेकर उन्होंने ब्रज, चित्रकूट, जगन्नाथ पुरी समेत भारत वर्ष में आध्यात्मिक चेतना जाग्रत की। उन्होंने उस समय की क्रूरता भी देखी, लेकिन अपने मूल्यों और आदर्शो पर चले, उसी पर आधारित है आज का सांस्कृतिक भारत। तुलसीदासजी को भी अकबर ने खूब लालच दिया, नवरत्न उनको मुगल बादशाह के पास ले जाना चाहते थे, लेकिन उन्होंने कहा कि हम बादशाह को नहीं जानते, मैं एक ही राजा को जानता हूँ और वह भारत के राजा हैं राजा रामचंद्र। भारत का राजा कोई विधर्मी नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने रामानंदाचार्य महाराज और उनके शिष्यों का भी स्मरण किया और कहा कि उन्होंने भारत और सनातन के बारे में सोचा है तब भारत भारत बना है। जब सब संत एक मंच पर आये तो राम मंदिर बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ का एक माह के अंदर मथुरा का दूसरा दौरा है। इससे पहले सात मार्च को उन्होंने वृंदावन में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक ली थी। संघ प्रमुख भी 24 मार्च को रुक्मिणी विहार स्थित जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण समारोह में वृंदावन आए थे। सीएम योगी वृंदावन पहुंचे, जहां वे जगद्गुरु संत मलूकदास की 452वीं जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में भागीदारी के साथ सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए हैं।

# भाजपा के तमाम नेता हुए लापता, अतुल प्रधान ने संभाला मोर्चा

- व्यापारियों के साथ खड़े रहने का अतुल प्रधान ने किया वादा
- अतुल बोले सांसद अरुण गोविल को बुलाएं, असली दर्दनाक पिक्चर तो यहां चल रही है!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई हैं। मोदी और योगी की हर वक्त तारीफ करने वाले भाजपा नेता उस समय पूरी तरह लापता दिखाई दिए जब व्यापारियों को अपनी सरकार के नेताओं की सबसे ज्यादा जरूरत थी लेकिन व्यापारियों के आंसू पोंछने के लिए सत्ता पक्ष की तरफ से कोई नहीं पहुंचा। अगर कोई पहुंचा तो हर बार की तरह वहां पर समाजवादी पार्टी के सरधना विधायक अतुल प्रधान पहुंचे। सरधना से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने व्यापारियों के समर्थन में बयान देते हुए सांसद से हस्तक्षेप करने की मांग की है। अतुल प्रधान ने कहा कि सांसद अरुण गोविल को आगे आकर व्यापारियों की समस्या सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद को बुलाया जाए, अगर वह मुंबई में भी हों तो विमान पकड़कर मेरठ आएं। उन पर भगवान श्रीराम का तमगा है इसलिए उनकी बात को लोग ज्यादा सुनेंगे। विधायक ने कहा कि वह खुद को एक साधारण व्यक्ति बताते हुए व्यापारियों की आवाज उठा रहे हैं लेकिन सांसद की जिम्मेदारी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि उनके नेता अखिलेश यादव ने भी विधानसभा में कहा था कि सांसद अरुण गोविल को सदन में आगे बैठाया जाए। अतुल प्रधान ने व्यापारियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि आपस में बंटने के बजाय एकजुट रहकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि जो सरकार गलत थी उसे जनता ने हटा दिया, लेकिन अब अपनी बात रखने पर भी भाजपा का विरोध माना जाता है। उत्तेजित लहजे में उन्होंने कहा कि अगर विरोध होता है तो होने दें, चाहे किसी भी दल की सरकार क्यों न हो। उन्होंने कहा कि फिल्मों का प्रचार हो रहा है जबकि असली दर्दनाक फिल्म तो सेंट्रल मार्केट में चल रही है। जहां व्यापारी अपनी रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। विधायक ने यह भी कहा कि अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार आने पर नियमों में बदलाव कर व्यापारियों को राहत दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने सदन में यह बात भी रखी कि यहां के व्यापारी हमेशा भाजपा के समर्थक रहे हैं, ऐसे में सरकार को उन्हें राहत देनी ही चाहिए।

अतुल प्रधान ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को घमंड हो गया है और भगवान से प्रार्थना है कि उन्हें सद्बुद्धि मिले। उन्होंने कहा कि मेरठ में भाजपा का पश्चिम क्षेत्र का बड़ा कार्यालय है और यहां अक्सर प्रधानमंत्री की रैली भी होती रहती हैं, ऐसे में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों की आवाज भी सुनी जानी चाहिए।


सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के बीच पहुंचे अतुल प्रधान।


छाती पीटकर अपनी पीड़ा सुनाते सेंट्रल मार्केट के व्यापारी।

# सेंटल मार्किट में स्कूल अस्पताल समित 44 दुकानें सील, मरीजों को किया जाएगा शिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट में अवैध निर्माण को लेकर बड़ा प्रशासनिक एक्शन तय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद 44 ऐसे निर्माणों को सील किया जाएगा, जिनमें नियमों के विपरीत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इन भवनों में स्कूल, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल, शोरूम और दुकानें शामिल हैं। आदेश के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मध्यरात्रि 2 बजे व्यापारी अपनी दुकानों को खाली करते नजर आए।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट कहा कि आवासीय भूखंडों का व्यावसायिक उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। अदालत ने विशेष रूप से उन स्कूलों और अस्पतालों पर चिंता जताई जो ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं। कोर्ट का मानना है कि किसी भी आपात स्थिति में यहां पढ़ने वाले बच्चों और इलाज करा रहे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। आवास एवं विकास परिषद की ओर से अदालत को बताया गया कि सेंट्रल मार्केट के 860 भूखंडों में से 44 पूरी तरह व्यावसायिक उपयोग में हैं। इनमें छह स्कूल, छह अस्पताल और चार बैंक्वेट हॉल के अलावा कई दुकानें और शोरूम शामिल हैं। कोर्ट ने इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए और अस्पतालों में भर्ती मरीजों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपी।

## जब तक कोर्ट का आदेश न आए तब तक न हो व्यापारियों का उत्पीड़न: शैंकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** व्यापारी और समाजवादी पार्टी के नेता शैंकी वर्मा सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर लगातार एक्टिव मोड़ में है वह व्यापारियों की हर गतिविधियों में उनके साथ दिखाई दे रहे हैं। बीते दिनों जब सुप्रीम कोर्ट से दुकानें तोड़ने का आदेश आया तब भी शैंकी इसके विरोध में दिखाई दिए और बाद में भी उन्होंने ध्वस्तीकरण का विरोध किया। मंगलवार को आवास विकास के अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने के लिए कहा गया जिसके बाद मौके पर व्यापारी नेता शैंकी वर्मा पहुंचे। उन्होंने आवास विकास के जेई से कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का आर्डर नहीं आ जाता तब तक व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं किया जाए जबरदस्ती दुकान बंद न कराई जाएं। शैंकी ने कहा कि अभी तक व्यापारियों के पास किसी भी तरह का कोई लिखित आदेश नहीं आया है अभी तक आदेश को लेकर भी कोई चीज सामने नहीं आई है तो ऐसे में जबरदस्ती व्यापारियों की दुकान बंद क्यों कराई जा रही है। उन्होंने आवास विकास की इस कार्रवाई पर भी नाराजगी जाहिर की और उन्होंने सेंट्रल मार्केट में खड़े होकर व्यापारियों को एकजुट करने और उन्हें एक साथ रहने की सलाह दी। शैंकी वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी जिंदगी उजड़ने जैसा है। 9 तारीख को फैसला आना है तब तक व्यापारियों पर होने वाली कार्रवाई सही नहीं है।

# मंदिर का दान पात्र तोड़कर लाखों की चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी, पहले भी हो चुकी है वारदात, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बिनौली रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए दानपात्र तोड़कर उसमें रखी लाखों रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मंगलवार सुबह जब मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो दानपात्र टूटा हुआ मिला और उसमें रखी नकदी गायब थी। यह देख तुरंत मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों को सूचना दी गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और घटना पर नाराजगी जताई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ संदिग्ध युवक दानपात्र के पास संदिग्ध गतिविधियां करते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई नकदी थी, जिसकी अनुमानित रकम लाखों में बताई जा रही है। कमेटी ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की है। कमेटी सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है, लेकिन उस समय भी पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी थी। लगातार हो रही घटनाओं से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है और मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मौके पर मौजूद पं. सुरेन्द्र मिश्रा, विनोद जैन, आलोक जैन, विनोद कुमार, संजीव पंवार, अजय गुप्ता, नरेन्द्र सिंह राठी समेत अन्य लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मंदिर में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।


मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद मौके पर मौजूद भीड़।

# हनुमान जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**मवाना।** भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर गौरव गुर्जर के कुशल नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मनमोहक झाकियों के साथ निकली शोभा यात्रा ने पूरे नगर में भ्रमण किया।

उत्सव मंडप मवाना से शुरू हुई शोभायात्रा का उद्घाटन हस्तिनापुर ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल वह योगेश प्रमुख ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। उत्सव मंडप मवाना से शुरू होकर शोभा यात्रा सुभाष चौक से होती हुई नगर के विभिन्न मार्गो से निकली और शोभायात्रा का समापन नगर पालिका के मैदान में हुआ। शोभा यात्रा में भगवान श्री राम शोभायात्रा, श्री हनुमान, लक्ष्मणजी, माता सीता, गणेशजी, अघोरी की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। सिख गटका ग्रुप के सदस्यों ने तलवारबाजी के करतब दिखाये और नासिक ढोल ग्रुप ने अपने ढोल से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की संचालन समिति में मुख्य रूप से शोकिंदर गुर्जर, परवीन प्रधान खोड़दयालपुर, मनोज फौजी, नवनीत चौहान गोपाल चौहान, गोविंद गुप्ता, सुभाष गाबा, कुलदीप खटीक, सागर, ऋषिपाल मलिक, अक्षत शेट्टी, रोबिन निडावली, महेंद्र प्रधान, जलालपुर जौहर, सोनू बाब्बा मोरना, दीपक धमीजा, तुषार यादव, अमल खटीक, सुरेंद्र फौजी, रजनीश रोहल आदि सैकड़ों समाजसेवी उपस्थित रहे।

# प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल में मासूमियत, प्रतिभा और संस्कारों का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेहरू नगर गली नं. 1 स्थित प्रगति लिटिल जीनियस प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा का कार्यक्रम अत्यंत भावनात्मक और उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन केवल परिणाम घोषणा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और संस्कारों की सुंदर झलक प्रस्तुत करता हुआ एक यादगार पल बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निर्देशक श्री नीरज वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसने पूरे माहौल को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। इसके बाद बच्चों ने अपने मासूम अंदाज में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। 'लूंगी डांस' पर बच्चों के साथ अभिभावकों की सहभागिता ने कार्यक्रम में आनंद और अपनापन घोल दिया, वहीं योगा नृत्य की प्रस्तुति ने अनुशासन और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर नीरज वर्मा ने वर्षभर की शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे की पहली पाठशाला उसका परिवार होता है और माता-पिता ही उसकी शिक्षा और संस्कारों की मजबूत नींव रखते हैं। शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार ही बच्चों को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाते हैं।




कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा सहयोगी अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने अभिभावकों और विद्यालय के बीच के स्नेह और विश्वास के रिश्ते को और भी गहरा कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या इन्दु वर्मा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अनुश्री वर्मा ने सभी उपस्थित अभिभावकों, अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की प्रगति में सभी का सहयोग अमूल्य है। इस सफल आयोजन में शिक्षिकाओं बबीता, नंदिनी, दिव्या, नेहा, संजना, रीना आदि का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम इतना भव्य और भावनात्मक बन सका। कार्यक्रम के अंत में हर चेहरे पर मुस्कान और आँखों में गर्व के आँसू थे यह इस बात का प्रमाण था कि यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक सशक्त कदम है।

# सुभारती में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता की अनूठी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

इस क्रम में आदर्श प्राथमिक विद्यालय, गोविंदपुरी, मोदीनगर में दंत परीक्षण एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया, जहां बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क दंत जांच एवं आवश्यक उपचार की सुविधाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में ओपीडी मरीजों के लिए 'स्वास्थ्य के लिए साथ आएं, विज्ञान के साथ खड़े रहें' विषय पर एक प्रभावशाली स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. संचित प्रधान ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हस्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण कुशलता की अवस्था है। हमें प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रो. (डॉ.) राहुल बंसल अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को बिना किसी आर्थिक कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलना उसका अधिकार है। एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि स्वास्थ्य सेवाएं सभी तक समान रूप से पहुंचें। वहीं सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य एवं डीन डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने मौखिक एवं सामान्य स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर की शुरुआत स्वस्थ मुंह से होती है। दांतों और मसूड़ों की नियमित देखभाल न केवल मौखिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह संपूर्ण शरीर के स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। इस अवसर पर छात्रों ने प्लेकार्ड के माध्यम से मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए तथा जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. विनीता निखिल, डॉ. प्रदीप राघव, डॉ. विवेक राणा, डॉ. नागार्जु, डॉ. रोमा गोस्वामी, डॉ. मयूर कौशिक, डॉ. संचित प्रधान, डॉ. मोहनीश मुच्छल, डॉ. सुपूर्णा पंडित एवं डॉ. राहुल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि समाज को विज्ञान आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ।




# मिशन शक्ति 5.0 में चमका नंगली किठौर का नाम, ग्राम प्रधान ब्रजबाला को मिला भव्य सम्मान

## तम्बाकू मुक्त मॉडल गांव बनाने और शिक्षा-स्वास्थ्य में नवाचार के लिए अधिकारियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नारी शक्ति के उत्थान और ग्रामीण स्वावलंबन का अनूठा उदाहरण उस समय देखने को मिला जब मिशन शक्ति 5.0 के भव्य आयोजन में मेरठ जनपद के नंगली किठौर गांव की ग्राम प्रधान श्रीमती ब्रजबाला (पत्नी प्रहलाद सिंह) को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेता. जी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में जैसे ही उनका नाम सम्मान के लिए पुकारा गया, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में जिलाधिकारी वी.के. सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अविनाश पाण्डेय (आईपीएस) तथा मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नूपुर गोयल (आईएएस) ने संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान ब्रजबाला को शाल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उनके नेतृत्व को सराहते हुए कहा कि नंगली किठौर आज उत्तर प्रदेश की 58 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के लिए एक आदर्श मॉडल बन चुका है।

अधिकारियों ने कहा कि ब्रजबाला के नेतृत्व में गांव ने विकास की नई परिभाषा गढ़ी है। गांव को उत्तर प्रदेश का पहला तम्बाकू मुक्त मॉडल गांव बनाने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। इसके साथ ही पंचायत सचिवालय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पहली 24 घंटे संचालित सर्वसुविधा संपन्न हाईटेक लाइब्रेरी स्थापित कर उन्होंने ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का नया द्वार खोल दिया है। यह लाइब्रेरी गरीब और मेधावी छात्रों के लिए दिन-रात पढ़ाई करने का एक प्रेरणादायक केंद्र बन चुकी है। इतना ही नहीं, वर्ष 2008 से जर्जर हालत में पड़े स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी उनके प्रयासों से जीर्णोद्धार कराया गया। अब इस स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे गांव के लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ता। सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधान ब्रजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय गांव के सभी ग्रामवासियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे नंगली किठौर गांव का है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि गांव के हर व्यक्ति के सहयोग और विश्वास से ही तम्बाकू मुक्त गांव का सपना साकार हो सका है।





कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने नंगली किठौर को 'नए भारत की नई पंचायत' का उदाहरण बताते हुए कहा कि यह गांव अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि एक दृढ़ संकल्पित महिला नेतृत्व कैसे पूरे गांव की तस्वीर बदल सकता है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण नंगली किठौर है। मिशन शक्ति 5.0 के इस आयोजन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रति. निधि, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और ग्रामीण विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

